**Regarding allocation of funds for new railway line projects in Jamui Parliamentary Constituency, Bihar.-laid**

श्री अरुण भारती **(जमुई) :** मैं रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जमुई की एक बहुत ही पुरानी नई रेल लाइन परियोजना की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । यह बरियारपुर-मननपुर (68 किलोमीटर)लागत 250 करोड़, नवादा-लक्ष्मीपुर (137 किलोमीटर) लागत 3120 करोड़, तथा झाझा-बटिया (20 किलोमीटर) लागत 496 करोड़ रूपये की रेल परियोजना है । माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा सदन में इसकी जानकारी की स्वीकृति मेरे अतरांकित प्रश्न संख्या 446 दिनांक 24 जुलाई को दी जा चुकी है ।जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष आदरणीय श्री चिराग पासवान जी को धन्यवाद देता हूँ । लेकिन कई महीने बीत चुके हैं लेकिन अब तक फंड का आवंटन नहीं हुआ है जिसके चलते सिकंदरा,खैरा,बरहट,सोनो,चकाई और अलीगंज प्रखंड समेत जमुई जिले का शेष पूरा हिस्सा आज भी रेल मानचित्र से कटा हुआ है ।इस नई रेल लाइन के बन जाने से आसपास के जिले मुंगेर,शेखपुरा,लखीसराय,नवादा,बांका के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा । मैं माननीय रेल मंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि जनहित में उक्त परियोजना के लिए सरकार धनराशि आवंटित करे ताकि नई रेल लाइन निर्माण का कार्य मेरे संसदीय क्षेत्र में शुरू हो सके ।